# आगरा में जल्द चलेगी मेट्रो ट्रेन, मिली अनुमति

अमर उजाला ब्यूरो

## मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त ने 21 से 23 फरवरी तक किया था निरीक्षण

लखनऊ। आगरा में मेट्रो ट्रेन संचालन की अनुमति सोमवार को मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने दे दी। जल्द ही वहां मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। गर्ग ने 21 से 23 फरवरी तक आगरा मेट्रो के प्रायरिटी कॉरिडोर के छह किमी लंबे मेट्रो ट्रैक का निरीक्षण किया था।

यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि तय समय पर आगरा में मेट्रो सेवा शुरू कर दी जाएगी। बताया कि इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ने आगरा मेट्रो के तीनों एलिवेटेड स्टेशनों ताज ईस्ट गेट, बसई और फतेहाबाद रोड को प्लेटिनम रेटिंग दी है। आगरा मेट्रो के ग्रीन मेट्रो के तौर पर प्रमाणन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) ने प्रथम कॉरिडोर में ताज ईस्ट गेट से आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक के हिस्से को पर्यावरण और संरक्षा प्रबंधन के लिए आईएसओ प्रमाणपत्र प्रदान किया था। मालूम रहे कि आगरा के प्रायरिटी कॉरिडोर के छह स्टेशनों के बीच मेट्रो चलाई जाएगी। इनमें तीन एलिवेटेड स्टेशन ताज पूर्वी गेट, बसई और फतेहाबाद रोड हैं। जबकि अगले तीन स्टेशन ताजमहल, आगरा किला और मनकामेश्वर अंडरग्राउंड स्टेशन हैं।